**प्रपत्र–1**

**परियोजना का नाम**– मा0 मुख्य मंत्री जी की घोषणा संख्या–309 / 2020 शहीद स्मारक जड़ सैक्टर बिन्दुखत्ता में पूर्व सैनिकों / शहीदों के आश्रितों के प्रशिक्षण एंव आजीविका संवर्धन हेतु विकास केन्द्र का निर्माण।

# प्रतिवेदन

## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

मा0 मुख्य मंत्री जी उत्तराखण्ड शासन की घोषणा संख्या–309 / 2020 शहीद स्मारक जड़ सैक्टर बिन्दुखत्ता में पूर्व सैनिकों / शहीदों के आश्रितों के प्रशिक्षण एंव आजीविका संवर्धन हेतु विकास केन्द्र का निर्माण किये जाने हेतु उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–858/XVII-C-1/2021-14(2)घो0/2021 दिनांक 05.08.2021 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। वर्तमान में उक्त क्षेत्र में पूर्व सैनिकों / शहीदों के आश्रितों के प्रशिक्षण एंव आजीविका संवर्धन हेतु अन्य कोई विकास केन्द्र उपलब्ध नहीं है। जिस कारण यहां के पूर्व सैनिकों / शहीदों के आश्रित रोजगार प्रशिक्षण एंव आजीविका संवर्धन हेतु विकास केन्द्र की सुविधा से वंचित है। प्रधानमंत्री योजना के कौशल विकास योजना के तहत उक्त विकास केन्द्र के निर्माण का उद्देश्य पूर्व सैनिकों / शहीदों के आश्रितों को कम्पयुटर शिक्षा, विद्युत सम्बन्धित कार्यों की तकनिकी शिक्षा, पलम्बरिंग, बड़ईगिरी, सिलाई–बुनाई आदि कार्य तथा सेना मे भर्ती होने वाले इच्छुक युवक / युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आजीविका संवर्धन हेतु आत्म–निर्भरता को बढावा देना है। उक्त विकास केन्द्र के निर्माण से सम्पूर्ण नैनीताल जनपद एंव कुमाऊँ मण्डल के पूर्व सैनिकों / शहीदों के आश्रितों / युवक–युवतियों को लाभ होगा तथा रोजगार प्राप्ति का स्रोत भी होगा।

उक्त विकास केन्द्र के निर्माण हेतु उक्त क्षेत्र में अन्य कोई राजस्व एंव सिविल भूमि उपलब्ध न होने के कारण तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के गौला राजि के अर्न्तगत लालकुऑ वन ब्लॉक में 0.063 है0 वन भूमि चयनित की गयी है जो कि उक्त विकास केन्द्र के निर्माण हेतु उपयुक्त है। जिला सैनिक कल्याण एंव पुर्नवास हल्द्वानी, जिला– नैनीताल द्वारा उक्त विकास केन्द्र के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया गया है।

प्रयोक्ता एजेन्सी
Zila Sainik Kalyan Evam Punarvas
Adhikari, Haldwani (Nainital)